# कार्यालयः पंजीयक, शिक्षा विभागीय परीक्षाऐं, राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः—शिविरा/प्रांर/पविप/प्रअ/प्रस/ऑनलाईन आवेदन/2023—04026 दिनांकः—यथाईहस्ताक्षर

01. प्राचार्य,
जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान,
राजस्थान (समस्त)

02. प्राचार्य,
निजी/राजकीय डी.एल.एड. शिक्षण संस्थान,
राजस्थान (समस्त)

विषयः— डी.एल.एड. प्रथम वर्ष नियमित/पूर्ववर्ती /प्रोन्नत/प्रोन्नत द्वितीय अवसर परीक्षा 2026 के आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि के वृद्धि के संबंध में।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि डी.एल.एड. प्रथम वर्ष मुख्य परीक्षा 2026 के आवेदन पत्र एन.आई.सी. (शाला दर्पण पोर्टल) के माध्यम से ऑनलाईन दिनांक 22.04.2026 से 14.05.2026 तक आमंत्रित किये जा रहे है। जिसकी अंतिम तिथि 14.05.2026 है। कुछ छात्राध्यापकों के आवेदन पत्र भरने से वंचित रहने के कारण छात्र हितार्थ डी.एल.एड. प्रथम वर्ष नियमित/पूर्ववर्ती /प्रोन्नत/प्रोन्नत द्वितीय अवसर परीक्षा 2026 के आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि 20.05.2026 तक बढाई जा रही है। ऑनलाईन भरे गये आवेदन पत्रों को संस्था द्वारा सत्यापित (वेरिफाई) करने की दिनांक 21.05.2026 रहेगी। अतः सभी संस्थान अंतिम तिथि से पूर्व परीक्षार्थी के रिकार्ड की जांच कर पात्र आवेदन पत्रों को सत्यापित (वेरिफाई) करना सुनिश्चित करेंगे।

अंतिम तिथि 20.05.2026 के पश्चात् किसी भी परीक्षार्थी का आवेदन पत्र स्वीकार नहीं होगा एवं ऑनलाईन आवेदन को (वेरिफाई)सत्यापित नहीं किए जाने के कारण यदि कोई परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित रहने से वंचित रहता है तो उसकी समस्त जिम्मेवारी परीक्षार्थी के अध्ययनरत् संस्थान के प्राचार्य की होगी । आवेदन के संबंध में सम्पूर्ण जानकारी के लिए कार्यालय द्वारा जारी निर्देशों का अवलोकन करें।

**नोटः— प्राचार्य, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान यह भी ध्यान देवे कि आपके जिले के किसी भी संस्था/संस्थान ने त्रुटि वश अपात्र आवेदन को वेरिफाई कर दिया है तो डी.एल.एड. शिक्षण संस्थान उक्त सूचना अपने जिले की डाईट को भिजवाना सुनिश्चित करें एवं प्राचार्य डाईट अपने जिले की इकजाई सूचना 22.05.2026 तक कार्यालय की ई—मेल आईडी panjiyakpraas2024@gmail .com पर अनिवार्य रुप से भिजवाना सुनिश्चित करें। सूचना प्राप्ति के अभाव में अथवा देरी से प्राप्ति पर सूचना शून्य समझी जावेगी। सूचना के अभाव में यदि कोई अपात्र परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित होता है तो उसकी समस्त जिम्मेवारी प्राचार्य, संबंधित संस्थान एवं डाईट की रहेगी।**

पंजीयक
शिक्षा विभागीय परीक्षाएं
राजस्थान बीकानेर

प्रतिलिपिः—

1. निजी सचिव, निदेशक प्रारम्भिक शिक्षा विभाग, राजस्थान बीकानेर।
2. रक्षित पत्रावली।

पंजीयक
शिक्षा विभागीय परीक्षाएं
राजस्थान बीकानेर

Signature Not Verified

Digitally signed by Sheeshram Kulhari
Designation : Deputy Director
Date: 2026.05.14 18:28:33 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 22232309
M e-Sign